पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज)

(सीकर–झुंझुनू स्टेट हाईवे, कटराथल, सीकर–332024)

वेबसाइट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: reg.shekhauni@gmail.com दूरभाष नं.: 01572-232411

क्रमांकः 3265 दिनांकः –18-11-21

BA, B.Sc, B.Com. Part-III मुख्य परीक्षा–2021 के पुनर्मूल्यांकन आवेदन–पत्र भरने संबंधित विज्ञप्ति

1. स्नातक B.A., B.Sc, B.Com. Part-III परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन आवेदन–पत्र भरने हेतु ऑनलाईन आवेदन ई–मित्र के माध्यम से किया जा सकता है।
2. पुनर्मूल्यांकन आवेदन पत्र ऑनलाईन भरने हेतु मूल अंकतालिका का इन्तजार नहीं करें।
3. आवेदन पत्र भरने एवं हार्ड कॉपी मय मूल अंकतालिका (यदि जारी हो गई हो) जमा कराने की तिथियां निम्नानुसार हैः–

कक्षा	ऑनलाईन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि	ऑनलाईन आवेदन की अन्तिम तिथि	विश्वविद्यालय में आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी मय मूल अंकतालिका जमा कराने की अंतिम तिथि
स्नातक परीक्षा BA, B.Sc, B.Com Part-III	20.11.2021	04.12.2021	11.12.2021

4. सत्र 2020–21 के परीक्षार्थी अपने कुल प्रश्न पत्रों के 50 प्रतिशत प्रश्न–पत्रों में पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन कर सकते है।
5. ड्यू पेपर में पुनर्मूल्यांकन कराने का कोई प्रावधान नहीं है।
6. पुनर्मूल्यांकन शुल्क रूपये 340/– प्रति प्रश्न–पत्र देय होगा। साथ ही आवेदन शुल्क रूपये 70/– जो कि चालान पर अंकित रहेगा।
7. पुनर्मूल्यांकन ऑनलाईन आवेदन पत्र इन्टरनेट की अंकतालिका से भरकर, हार्ड कॉपी (दो प्रतियों में) के साथ विश्वविद्यालय से प्राप्त मूल अंकतालिका संलग्न कर उक्त नियत तिथि तक कार्यालय समय में कमरा नंबर–107 में जमा करायें अथवा डाक द्वारा "परीक्षा नियंत्रक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर" पते पर भिजवा सकते हैं। लिफाफे पर " पुनर्मूल्यांकन परीक्षा–2021 हेतु आवेदन पत्र" अवश्य अंकित करें।
8. अन्तिम तिथि पश्चात आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
9. पुनर्मूल्यांकन ऑनलाईन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी एवं मूल अंकतालिका जमा नहीं कराने की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्त माना जायेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी।
10. एक बार शुल्क जमा होने के पश्चात किसी भी स्थिति में शुल्क वापस नहीं होगा।

(डॉ. अरिन्दम बासू) 18/11/21
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक :– दिनांकः–

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. कुलपति सचिवालय।
2. कुलसचिव सचिवालय।
3. लेखा शाखा।
4. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक 18/11/21